आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 13.10.2024

मुख्य समाचारः—

1— "प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान" के तीन वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

2— राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

3— गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में पुलिस ने दशहरा के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों को साइबर सुरक्षा को लेकर दिलाया संकल्प।

4— बस्तर दशहरा के तहत आज हो रही है भीतर रैनी की रस्म।

प्रधानमंत्री—गतिशक्ति योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान" के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि गतिशक्ति से विकसित भारत के सपने को साकार करने में गति मिल रही है और इससे प्रगति, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

राज्यपाल—अग्रेसन जंयती

राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में अग्रवाल समाज की अहम भूमिका है। उद्योगों का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका योगदान और समाज सेवा की भावना प्रशंसा के योग्य है। छत्तीसगढ़ की सामाजिक और आर्थिक संरचना में अग्रवाल समाज ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। राज्यपाल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान करने से देश का उत्थान होगा।
समारोह में विशिष्ट योगदान देने वाले सामाजिक विभूतियों को राज्यपाल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री—गुरूगद्दी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज भण्डारपुरी धाम में सतनामी समाज के गुरुगद्दी आसन का दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और सामाजिक समरसता की कामना की। मुख्यमंत्री ने सतनामी समाज के धर्म गुरुओं को सामाजिक एकता और भाई—चारे का प्रेरणा श्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने गुरु निवास में गुरुप्रसादी ग्रहण किया। उन्होंने तलघर का भी अवलोकन किया और उससे जुड़े इतिहास की जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री ने गुरु परिवार के साथ भेंट की।

साइबर–संकल्प

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में पुलिस ने दशहरा के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों को साइबर सुरक्षा को लेकर संकल्प दिलाया। जिले की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत की तरह साइबर फ्रॉड रूपी बुराई पर सतर्कता की अच्छाई जीत दिलाएगी।

साइबर जागरूकता पखवाड़ा के सेल्फी पॉइंट पर भी लोगों ने विशेष रुचि दिखाई और कई जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने साइबर जागरूकता पखवाड़े के तहत बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवाकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

दुर्घटना

जशपुर जिले के पत्थलगांव में बीती देर रात हुए सड़क हादसे में तीन लोगो की मौत हो गई। जबकि छह से अधिक लोग घायल हुए हैं।

वहीं, मुंगेली जिले के बोरड़तरा गांव में अनियंत्रित पिकअप ने पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी। इस हादसे में कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस कांस्टेबल की पहचान प्रशांत मसीह के नाम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरक्षक प्रशांत मसीह दशहरा कार्यक्रम में ड्यूटी से लौटते समय हादसे का शिकार हुआ।

उधर, जांजगीर–चांपा जिले के तरौद गांव में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार ट्रेलर ने इस महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने घटनास्थल पर तीन घंटे तक चक्कजाम किया। पुलिस और प्रशासन की समझाईश के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म किया।

इधर, बिलासपुर जिले के बेलगहना में ईंट परिवहन के दौरान ट्रेक्टर पलटने से एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। वही, अन्य दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बस्तर दशहरा

पचहत्तर दिनों से जारी बस्तर दशहरा अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। बस्तर दशहरे के तहत आज भीतर रैनी विधान का निर्वहन किया जाएगा।

(भीतर रैनी विधान के तहत मां दंतेश्वरी के छत्र को विधि विधान पूर्वक पूजा अनुष्ठान के बाद दो मंजिला रथ के जरिए सीरासार चौक गोलबाजार चौक तथा मिताली चौक होते हुए सिंह ड्योढ़ी पहुंचाया जाएगा। इसके बाद मांई जी के छत्र को मां दंतेश्वरी मंदिर में रखा जाएगा। वर्षों पुरानी परम्परा के अनुसार इस रथ की चोरी करके उसे कुम्हड़ाकोट के जंगल मे छिपा दिया जाएगा। इस रस्म को ही भीतर रैनी विधान कहते हैं।)

बस्तर दशहरा के तहत कल बाहर रैनी की परंपरा का विधान संपन्न होगा।

सरस मेला

जगदलपुर के लालबाग मैदान में कल बारह अक्टूबर से बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला शुरू हो गया है। उन्नीस अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले का शुभारंभ वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। इस मेले में शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी और स्व–सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है। मेले में कई जिलों के स्व सहायता समूहों ने हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद, जैविक खाद्य पदार्थ, कपड़े, और अन्य स्थानीय वस्तुएं भी प्रदर्शित की गई हैं।

शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए वन मंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगाया गया सरस मेला स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और

महिलाओं तथा ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने का माध्यम है। समारोह को बस्तर सांसद महेश कश्यप और विधायक किरण सिंह देव ने भी संबोधित किया।

एम्बुलेंस–सेवा

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी ने आज जिला अस्पताल परिसर से दो नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये एंबुलेंस जिले के माकड़ी और फरसगांव विकासखंड के बड़े डोंगर क्षेत्र में संचालित की जाएंगी। इनमें से एक एंबुलेंस में लाइफ सपोर्ट सिस्टम की सुविधा भी उपलब्ध है, जो गंभीर मरीजों के लिए कारगर साबित होगा।

खेल

नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम में वॉलीबॉल और खो खो चैम्पियनशिप का कल समापन हो गया। खो–खो के फाइनल मुकाबले में आर.के एम. आश्रम–अ ने जीत हासिल की। वहीं, बॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले का खिताब महका टीम ने अपने नाम किया।

उधर, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के गुरुकुल खेल मैदान में कल चौदह अक्टूबर से चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इमसें प्रदेश के पांचों संभागों के करीब पांच सौ से अधिक खिलाड़ी और कोच भाग लेंगे। प्रतियोगिता में जिमनास्टिक, ताइक्वांडो और क्रिकेट जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा।

चेन स्नेचिंग–महिला गिरफ्तार

जशपुर जिले के पत्थगांव पुलिस ने दुर्गा विसर्जन के दौरान चेन स्नेचिंग करने वाली दस महिलाओं को गिरफ्तार किया है। कुसमी गिरोह की इन आरोपी महिलाओं के पास से पुलिस ने आठ मंगलसूत्र बरामद किए हैं। इन महिलाओं ने अलग–अगल क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिले के पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पत्थलगांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सात महिलाओं के गले से चेन चोरी होने की सूचना मिली थी। सी. सी.टी.व्ही. फूटेज के आधार पर जब इस मामले की जांच की गई तो वीडियो में कुछ महिलाएं चेन स्नेचिंग करती नजर आई। इसके आधार पर पुलिस ने दस महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

संक्षिप्त समाचार

– वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कल रायगढ़ में करीब तेरह करोड़ रूपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।
– जल शक्ति अभियान के केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज कुमार और डॉ. रजनी कांत शर्मा कल चौदह अक्टूबर से तीन दिवसीय दौरे पर बेमेतरा पहुंचेंगे। इस दौरान वे जल शक्ति अभियान के तहत भू–जल संवर्धन के कार्यों का निरीक्षण करेंगे।
– बलरामपुर जिले के महेवा गांव में दुर्गा विसर्जन के दौरान एक युवक डूबने से मौत हो गई।
– धमतरी पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर करीब सोलह लाख रूपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।
– बेमेतरा पुलिस ने नवागढ़ में किसानों के साथ इक्कीस लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।
– कोरबा जिले के ग्राम लालपुर में बीती रात हाथी के हमले में एक बच्ची घायल हो गई।